जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2016/1889 **दिनांक : 07.11.2016**

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः– स्नातक– तृतीय/पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2016 हेतु नियमित छात्र से असस्थागत छात्र एवं असंस्थागत छात्र से नियमित छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा आवेदन पत्र भरने बावत् आवश्यक निर्देश।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके महाविद्यालय के ऐसे नियमित छात्र जो असंस्थागत छात्र के रूप में तृतीय/पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2016 में सम्मिलित होना चाहते हैं तथा आपके महाविद्यालय के ऐसे असंस्थागत छात्र जो नियमित छात्र के रूप में तृतीय/पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2016 में सम्मिलित होना चाहते हैं।

ऐसे परीक्षार्थियों की स्थिति (Status) अर्थात नियमित से असंस्थागत तथा असंस्थागत से नियमित में परिवर्तन करने की लिंक महाविद्यालय लॉगिन आई.डी. पर दी जा रही है। आप अपने महाविद्यालय के ऐसे छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र स्थिति (Status) परिवर्तन करने के उपरान्त प्रिन्टआउट प्राप्त कर छात्र को परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु प्रदान करें। तत्पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षा शुल्क एवं आवश्यक प्रपत्रों सहित महाविद्यालय में जमा कर निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करें।

परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग की अपेक्षा के साथ।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपूड़ा भवन भोपाल।
2. कुलपति के सचिव जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)